झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची, झारखण्ड

प्रथम सावधिक परीक्षा 2021-22

मॉडल प्रश्न पत्र　　　　　　　　　　　　　　　　　सेट 3

कक्षा- 10	विषय- सामाजिक विज्ञान	समय- 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश:-

- कुल 40 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये।
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।

1. फ्रांस की क्रांति कब हुई?

क. 14 जुलाई 1789　　ख. 4 जुलाई 1776
ग. 15 अगस्त 1947　　घ. 26 जनवरी 1950

2. फ्रांस की क्रांति का अग्रदूत किसे कहा जाता है?

क. नेपोलियन　　ख. रूसो
ग. दिदरो　　घ. लेनिन

3. विस्मार्क जर्मनी का चांसलर कब बना?

क. 1848 ई0　　ख. 1856 ई0
ग. 1860 ई0　　घ. 1871 ई0

4. "पहले तुम मनुष्य हो, उसके बाद किसी देश के नागरिक या अन्य कुछ" यह कथन किसका है?

क. मेत्सिनी　　ख. वॉल्टेयर
ग. रूसो　　घ. दिदरो

5. "विश्व कोष" नामक ग्रन्थ की रचना किसने की?

क. रूसो　　ख. वॉल्टेयर
ग. दिदरो　　घ. नेकर

6. "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

क. महात्मा गाँधी　　ख. पं0 जवाहर लाल नेहरु
ग. डॉ0 राजेंद्र प्रसाद　　घ. रवीन्द्रनाथ टैगोर

7. यह किसका कथन है "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगा"

क. डॉ0 राजेंद्र प्रसाद | ख. महात्मा गाँधी
ग. सुभाष चन्द्र बोस | घ. बाल गंगाधर तिलक

8. बंगाल का विभाजन कब हुआ?

क. 1901 ई0 | ख. 1903 ई0
ग. 1905 ई0 | घ. 1907 ई0

9. "संथाल विद्रोह" के नेता कौन थे?

क. बिरसा मुंडा | ख. जतरा उराँव
ग. तिलका मांझी | घ. सिद्धू और कान्हू

10. "खिलाफत आंदोलन" के प्रमुख नेता कौन थे?

क. अब्दुल गफार खान | ख. मौलाना मुहम्मद अली और मौलाना शौकत अली
ग. राम प्रसाद बिस्मिल | घ. मो0 शमीम इकबाल और सरफराज इकबाल

11. हमारे पर्यावरण में उपलब्ध प्रत्येक वस्तु जो हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने में प्रयुक्त की जा सकती है और जिसको बनाने के लिए प्रोद्योगिकी उपलब्ध है, जो आर्थिक रुप से संभाव्य और सांस्कृतिक रुप से मान्य है, उसे क्या कहते हैं?

(क) विकास | (ख) संसाधन
(ग) पर्यावरण | (घ) नियोजन

12. भूमि निम्नीकरण में निम्नलिखित में से किनकी भूमिका नहीं है?

(क) वनों को काटना | (ख) अति पशुचारण
(ग) खनन | (घ) मधुमक्खी पालन

13. भारत के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत भाग मैदानों के रुप में पाया जाता है?

(क) 27 प्रतिशत | (ख) 30 प्रतिशत
(ग) 43 प्रतिशत | (घ) 87 प्रतिशत

14. लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है?

(क) नवीकरणीय योग्य | (ख) प्रवाह
(ग) जैव | (घ) अनवीकरणीय योग्य

15. गुलाबी सिर वाली बतख किन जातियों में शामील है?

(क) दुर्लभ जातियां | (ख) सामान्य जातियां
(ग) संकटग्रस्त जातियां | (घ) लुप्त जातियां

16. भारत में जैव विविधता को कम करने वाले कारक कौन हैं?

(क) वन्य जीव के आवास का विनाश (ख) वन्य जीव को मारना या शिकार करना

(ग) पर्यावरणीय प्रदूषण एवं दावानल (घ) उपरोक्त सभी

17. चिपको आंदोलन किससे संबंधित है?

(क) मृदा अपरदन रोकने से (ख) वनों की कटाई रोकने से

(ग) बहुउद्देशीय परियोजनाओं से (घ) कृषि उत्पादन बढ़ाने से

18. जल की कमी के क्या कारण हैं?

(क) अतिशोषण

(ख) अत्याधिक प्रयोग

(ग) समाज के विभिन्न वर्गों में जल का असमान वितरण

(घ) उपरोक्त सभी

19. टांका क्या होता है?

(क) पीने के पानी को संग्रहित करने का भूमिगत टैंक

(ख) एक प्रकार का नहर

(ग) बंगाल में मछली पालन का तालाब

(घ) इनमें से कोई नहीं

20. सन् 2025 तक कितने लोगों के जल की कमी झेलने की भविष्यवाणी की गई है?

(क) 20 करोड़ (ख) 20 लाख

(ग) 50 करोड़ (घ) 5 करोड

21. हम किसी देश की प्रतिव्यक्ति आय की गणना कैसे कर सकते है?

क किसी व्यक्ति की कुल आय से

ख किसी देश की कुल आय को कुल जनसंख्या से भाग देकर

ग सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य से

घ देश के कुल निर्यात से

22. वे देश की जिनकी 2017 में प्रतिव्यक्ति आय 12,056 डॉलर प्रतिवर्ष या उससे अधिक होती है तो वह देश निम्न में से किस श्रेणी के अतंर्गत होगा?

क अविकसित ख विकसित

ग अर्धविकसित घ विकासशील

23. सतत विकास का उद्देश्य है----

क विकास केवल अपने लिए।

ख विकास केवल दूसरों के लिए।
ग विकास वर्तमान के लिए एवं आने वाली पीढ़ी दोनो के लिए।
घ विकास केवल आने वाली पीढ़ी के लिए।

24. निम्नलिखित में से किस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?
क पंजाब ख बिहार
ग केरल घ उड़ीसा

25. यदि एक देश की प्रतिव्यक्ति आय रु. 500 है तथा जनसंख्या 5000 है तो उस देश की कुल आय निम्न में से कौन होगी?
क 2500000 ख 50000
ग 250000 घ 25000

26. निम्न में से कौन से क्रियाकलाप द्वितीयक क्षेत्रक्र के अंतर्गत आते है?
क इस क्षेत्रक में वस्तुओं के स्थान पर सेवाओं का उत्पादन होता है।
ख प्राकृतिक उत्पादों को विनिर्माण के द्वारा बदला जाता है।
ग वस्तुओं को प्राकृतिक संसाधन के दोहन द्वारा उत्पादित किया जाता है।
घ इसके अंतर्गत कृषि,वन तथा डेयरी आते हैं।

27. प्रच्छन्न बेरोजगारी का मतलब ऐसी स्थिति से हैं जहां लोग-
क बेरोजगार है
ख नियोजित हैं लेकिन कम वेतन अर्जित करते हैं।
ग नियोजित हैं लेकिन उत्पादकता शून्य है।
घ वर्ष के कुछ महीनों में बेरोजगार है।

28. 14 तथा 15 वर्ष की आयु के स्कूल जानेवाले कुल बच्चों का उस आयु वर्ग के कुल बच्चों साथ प्रतिशत क्या कहलाता है?
क निवल उपस्थिति अनुपात ख निवल अनुपस्थिति अनुपात
ग साक्षरता दर घ सकल उपस्थिति अनुपात

29. संगठित क्षेत्र का सही अर्थ चुने-
क यह उन उद्यमों को शामिल करता है जहां रोजगार की शर्ते नियमित है।
ख यह सरकार के नियंत्रण से बाहर है।
ग यह कम वेतन प्रदान करता है।
घ इस क्षेत्र में नौकरियां नियमित नही है।

30. कौन से क्षेत्रक को सेवा क्षेत्रक भी कहा जाता है?

क प्राथमिक

ख द्वितीयक

ग तृतीयक

घ चतुर्थ

31. सत्ता की साझेदारी के क्षैतिज वितरण के अंतर्गत कौन शामिल हैं?

(क) केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय सरकार

(ख) हितसमूह, दबाव समूह, राजनीतिक दल

(ग) विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका

(घ) सामाजिक समूह, भाषायी समूह, धार्मिक समूह

32. यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहाँ अवस्थित है?

(क) ब्रूसेल्स (ख) लंदन

(ग) रोम (घ) पेरिस

33. सामुदायिक सरकार किस देश से संबंधित हैं?

(क) श्रीलंका (ख) बेल्जियम

(ग) भारत (घ) जर्मनी

34. बेल्जियम में डच भाषा बोलने वालों की आबादी कितनी प्रतिशत हैं?

(क) 40 (ख) 20

(ग) 39 (घ) 59

35. सत्ता की साझेदारी के उध्वार्धर वितरण से निम्न में से कौन संबंधित हैं?

(क) विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका

(ख) केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय सरकार

(ग) सामाजिक समूह, भाषायी समूह, धार्मिक समूह

(घ) दबाव समूह, राजनीतिक दल, सामाजिक आंदोलन

36. इनमें से कौन संघ सूची का विषय हैं?

(क) पुलिस, व्यापार, कृषि

(ख) प्रतिक्षा, विदेशी मामले, बैंकिंग

(ग) वाणिज्य, सिंचाई, स्थानीय निकाय

(घ) शिक्षा, वन, विवाह

37. हमारे देश में राजभाषा हिन्दी को बोलने वालों का प्रतिशत कितना है?

(क) 10 (ख) 20

(ग) 30 (घ) 40

38. भारत की अनुसूचित भाषाओं में झारखण्ड की कौन सी भाषा शामिल हैं?

(क) मैथिली (ख) बोडो

(ग) डोगरी (घ) संथाली

39. पंचायतों में महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया हैं?

(क) 20 (ख) 30

(ग) 40 (घ) 50

40. भारत में वास्तविक विकेन्द्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम कब उठाया गया ?

(क) 1992 (ख) 1993

(ग) 1994 (घ) 1995